कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग की कार्यशाला का आयोजन

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में गत दिवस विद्यार्थियो के भविष्य निर्माण हेतु कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग की कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा चौधरी जिला रोजगार अधिकारी रायपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. हामिद, पाथ आई ए एस अकादमी रायपुर, श्री विश्वजीत राय , एन आई बी एफ प्रमुख रायपुर, श्री राजबीर सिंह उपस्थित होकर छात्रा छात्राओं से प्रशासनिक सेवा, बैंकिंग सेवा, एवं स्वरोजगार के अवसर एवं सफलता के तरीकों पर चर्चा की विद्यार्थियो ने प्रतियोगिता परीक्षाओं के मापदंड एवं तैयारी की विधियों को अतिथियों से साझा किया। प्राचार्य डॉ. श्रीमती चंद्रकांता शर्मा ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि ऐसे अतिथियों से अधिक से अधिक लाभ लें। मु ख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा चौधरी ने छात्रा छात्राओं को होम- सिकनेस छोड़कर बेझिझक होकर ईमानदारी से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सफलता प्राप्त करने को कहा। डॉ. अविनाश आर निचट ने बताया की प्राचार्या महोदया के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में विद्यार्थियों के कैरियर के प्रति जागरूकता एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु प्रेरित करने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होने ने कार्यक्रम में आए समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. श्रीमती चंद्रकांता शर्मा, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. एल आर डोंगरे, डॉ कविता वैष्णव, डॉ. भूवाल सिंह ठाकुर, डॉ. अविनाश आर निचट, डॉ. यशवंत वैष्णव, श्री आनंद सोनी, श्री दिनेश कुमार नाग, श्री रामकिशोर यादव सहित महाविद्यालयीन स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्रा छात्राएं उपस्थित थे।

स्पंदन कार्यक्रम- 07-12-2019

गत दिनों शासकीय महाविद्यालय भखारा में 'स्पंदन' शीर्षक से कैरियर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्या डॉ. श्रीमती चंद्रकांता शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि स्नातक के बाद करियर की एक दिशा तय करना बहुत जरूरी है। इसलिए करियर की विभिन्न विकल्पों पर अमल करना अपरिहार्य है। प्रथम वक्ता डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों को नियमित अखबार पढ़नी चाहिए ताकि देश दुनिया से जीवंत सम्पर्क कर सके।उन्हें सम्पादकीय पेज जरूर पढ़नी चाहिए ताकि उनके चिंतन और भाषायी बोध मजबूत हो।साथ ही अनेक चैनलों की भीड़ को छोड़कर राज्यसभा,लोकसभा,डीडी भारती जैसे मानक चैनलों पर देश दुनिया,देश देशांतर, विशेष,शख्सियत,न्यूज़ जैसे प्रोग्राम नियमित देखनी चाहिए।विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री,भारत एक खोज जैसे धारावाहिक डाउनलोड कर पूरी देखनी चाहिए ताकि स्नातक करते करते उनका संस्कार ऊंचा उठे।दूसरे वक्ता डॉ. रामकिशोर यादव ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं पर बातचीत करते हुए उनके पाठ्यक्रम ,परीक्षा पैटर्न और मानक पुस्तकों पर विस्तार से चर्चा की।अब आगे 'उज्ज्वल' नाम से साइंस में जीवन की दिशाएं नाम से और 'आरोह' नाम से जे एन यू,दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों के विभिन्न कोर्सों में प्रवेश परीक्षा और मानक पुस्तकों पर चर्चा की जाएगी।इस कार्यक्रम में टारगेट ग्रुप बी.ए प्रथम, द्वितीय,तृतीय वर्ष के विद्यार्थी थे।

सिविल सेवा एक सुनहरा भविष्य—अभिरेणा 03-12-2019



महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में राजनीति विज्ञान एवं कम्प्यूटर साइन्स विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 3/12/2019 को "सिविल सेवा एक सुनहरा भविष्य " शीर्षक से महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को छ.ग.राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी हेतु अभिरेणात्मक मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया । उक्त कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक रामकिशोर यादव ने आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा के पाठ्यक्रम से लेकर परीक्षा पैटर्न के अनुरूप उद्देश्य पूरक तैयारी तक विस्तार से बताया । छात्रों को विभिन्न परीक्षाओ में आने प्रश्नों से परिचित कराते हुए उन्हें निर्धारित समय मे हल करने तरीको से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम की प्रेरणा श्रोत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती चंद्रकांता शर्मा द्वारा अपने प्रेणात्मक उदबोधन में राष्ट्र और समाज की सेवा और बेहतर कैरियर विकल्प के रूप सिविल सेवा की तैयारी के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया।

"कार्यक्रम में छात्र छात्राओं सहित महाविद्यालय के प्रबुद्ध प्राध्यापकगण डॉ.कु . कविता वैष्णव सहायक प्राध्यापक हिन्दी,श्री आनंद सोनी सहायक प्राध्यापक इंग्लिश डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर, सहायक प्राध्यापक हिन्दी, डॉ. अविनाश आर. निचत सहायक प्राध्यापक प्राणिशास्त्र एवं प्रो. दिनेश कुमार नाग सहायक प्राध्यापक वाणिज्य की गरिमामय उपस्थिति रही।

संविधान दिवस (26/11/2019)

महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस (26/11/2019) पर " भारतीय संविधान एक परिचर्चा " विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ. श्रीमती चंद्रकांता शर्मा द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं संवैधानिक परंपरा एवं मूल्यों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष द्वारा राजनीति विज्ञान के छात्रों को संविधान की विभिन्न शब्दावली एवं भारतीय संविधान की सफलता पर विचार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबुद्ध प्राध्यापकगण डॉ.कु . कविता वैष्णव सहायक प्राध्यापक हिन्दी, डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर सहायक प्राध्यापक हिन्दी, डॉ. अविनाश आर. निचत सहायक प्राध्यापक प्राणिशास्त्र एवं प्रो. दिनेश कुमार नाग सहायक प्राध्यापक वाणिज्य की गरिमामय उपस्थिति के साथ साथ राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थी गण उपस्थित थे।